I/239377/2024

संख्या–836/XXIV-C-1/2024-12(12)/2022

प्रेषक,

दीपक कुमार
अनु सचिव
उत्तराखण्ड शासन

सेवा में,

1. निदेशक
उच्च शिक्षा निदेशालय
उत्तराखण्ड।

2. कुलसचिव
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल/श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल/सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।

उच्च शिक्षा अनुभाग–1 (समर्थ पोर्टल) देहरादून, दिनांकः 11 सितम्बर 2024

विषयः–समर्थ पोर्टल के माध्यम से स्नातक/स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश तिथि विस्तारण तथा स्नातक/स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक शासन द्वारा निर्गत पूर्व निर्देशों का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया संपादित करने हेतु 30 अप्रैल से 31 मई तक पंजीकरण का अवसर तथा 06 जून से 14 जून तक प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु प्रथम अवसर तथा पुनः वंचित अभ्यर्थियों के अनुरोध पर प्रवेश हेतु पंजीकरण तिथि विस्तारित करते हुए 09 जुलाई तक पंजीकरण तथा 11 जुलाई से 20 जुलाई तक प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने का अवसर प्रदान किया गया। पुनः पूरक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों तथा अन्य कारणों से प्रवेश प्रक्रिया से वंचित छात्रों को प्रवेश हेतु अंतिम अवसर प्रदान करते हुए समर्थ के इंस्टैन्ट प्रवेश मॉड्यूल को लागू करते हुए 27 अगस्त, 2024 से 05 सितम्बर, 2024 तक प्रवेश एवं पंजीकरण का अवसर प्रदान किया गया तथा फीस जमा करने की अंतिम तिथि 10 सितम्बर, 2024 निर्धारित की गयी।

2– प्रवेश की निर्धारित अंतिम तिथि 05 सितम्बर 2024 के उपरान्त भी कतिपय कारणों से प्रवेश से वंचित छात्रों एवं अन्य के द्वारा प्रेषित विभिन्न प्रत्यावेदनों के माध्यम से प्रवेश हेतु एक और अंतिम अवसर प्रदान करने का अनुरोध किया जा रहा है।

3– तदक्रम में सम्यक विचारोपरान्त मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि समर्थ पोर्टल के माध्यम से स्नातक/स्नातकोत्तर प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश एवं शुल्क जमा करने हेतु निम्नानुसार अंतिम बार अंतिम तिथि विस्तारित की जाती है–

क्र.सं.	कक्षा	प्रवेश हेतु निर्धारित अंतिम तिथि	फीस हेतु निर्धारित अंतिम तिथि
1	स्नातक / स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर	19 सितम्बर 2024 (सायं 05 बजे तक)	20 सितम्बर 2024
2	स्नातक / स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर	19 सितम्बर 2024 (सायं 05 बजे तक)	20 सितम्बर 2024

4 – प्रवेश प्रक्रिया कक्षा संचालन के पश्चात द्वितीय सत्र में ही संपादित की जाएगी, किसी भी दशा में कक्षा संचालन बाधित नहीं किया जाएगा।

5– उपरोक्त से अवगत होते हुए कृपया अपने स्तर से अग्रेतर आवश्यक कार्यवाही करते हुये संबंधित को यथोचित निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें।

भवदीय

Signed by Deepak Kumar
Date: 11-09-2024 18:16:15
(दीपक कुमार)
अनु सचिव।

<u>संख्या– 836(1)/XXIV-C-1/2024-12(12)/2022, तद्दिनांक।</u>

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड सरकार को मंत्री महोदय के संज्ञानार्थ।
2. निजी सचिव, मा0 कुलपति, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल/श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल/सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।
3. अपर सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
4. डॉ0 संजीव सिंह, प्रिंसिपल इंन्वेस्टिगेटर, समर्थ टीम, नई दिल्ली।
5. प्राचार्य, समस्त संबद्ध राजकीय महाविद्यालय/अनुदानित महाविद्यालय, उत्तराखण्ड द्वारा निदेशक, उच्च शिक्षा।
6. प्राचार्य, समस्त निजी महाविद्यालय, उत्तराखण्ड द्वारा संबंधित कुलसचिव संबद्धता विश्वविद्यालय।

(दीपक कुमार)
अनु सचिव